Regarding solid waste management

श्री मनोज कोटक **(मुम्बई उत्तर-पूर्व):** इस बजट में माननीय वित्त मंत्री ने प्रत्येक गाँव में ??स्थायी कचरा प्रबंधन? करने की घोषणा की है । शहरी क्षेत्रो में प्रत्येक दिन निकलने वाले कचरे की मात्रा काफी बढ़ती जा रही है । ??स्वच्छ भारत अभियान? के तहत प्रत्येक शहरी क्षेत्र में कचरे का उचित प्रबंधन एवं निपटारा करना अत्यंत आवश्यक है । सिर्फ मुम्बई शहर में प्रतिदिन निकलने वाला कचरा लगभग 105 प्रतिशत बढ़ गया है । यही हाल अन्य बड़े छोटे शहरो का भी है । मेरा माननीय शहरी विकास मंत्री जी से माँग है कि कचरे की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कचरा प्रबंधन कलस्टर का निर्माण किया जाए ताकि किसी एक शहर पर कचरे का बौझ जमा नहीं होगा । इससे कम जमीन पर कचरे का निपटारा हो सकेगा और किसी भी प्रवासी इलाके में कचरे से होने वाली बदबू या कोई बीमारी फैलाने का डर नहीं रहेगा । केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान और माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा सफाई के लिए प्रेरित करने के कारण शहरों और गांवो में अभूतपूर्व सुधार हुआ हैं । इसी क्रम में यदि कचरे के निपटाने के लिए शहरो के आस पास क्षेत्रीय स्तर पर कचरा निपटान कलस्टर बना दिया जाए तो काफी सराहनीय होगा ।